# यूथ रेडक्रास इकाई द्वारा संपादित गतिविधियॉ

## सत्र:2017–2018

# शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.)

# सफाई अभियान

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी युथ रेडकास के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय व महाविद्यालय से लगे प्रसिद्ध त्रिवेणी परिसर में वृहत स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया इसमें 50 से अधिक छात्र–छात्राओं की भागीदारी रही



# रक्षाबंधन के अवसर पर कैदियों को बांधी राखी

जिला जेल राजनांदगांव में सजा काट रहे कैदी जिनकी कलाई पर राखी नहीं बंध पाई थी,उन्हें राखी बांध कर उनका मुंह मीठा यूथ रेडकास की लगभग 25 छात्राओं ने करवाया।






# आर्ट ऑफ लिविंग पर व्याख्यान

महाविद्यालय में युथ रेडकास इकाई द्वारा दिनांक 22.08.2017 को छात्र–छात्राओं हेतु आर्ट ऑफ लिविंग पर व्याख्यान का आयोजन किया गया इसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में ईशा शर्मा उपस्थित थी तथा लगभग 50 विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान का लाभ उठाया।

# दिवाली में बांटे पटाखे

यूथ रेडकास द्वारा प्रविवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवाली के अवसर पर ग्राम आशानगर (राजनांदगांव) जाकर गरीब बच्चों को मुफ्त में पटाखे बांटे व उन्हें उपहार देकर उनका मुंह मीठा करवाया।






# वृद्धाश्रम

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर यूथ रेडकास के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम जाकर वृद्धों को उपहार बांटे,मिष्ठान वितरण किया व 3 घंटे उनके मध्य उपस्थित रहकर उनकी जिंदगी के अनुभवों को जाना व सीखा ।



# <u>बीमार छात्र की मदद</u>

महाविद्यालय के बी.ए.अंतिम के छात्र विकास साहू को उसके फेफड़ों की बीमारी के ईलाज हेतु 10000रू की सहायता प्रदान की गई तथा उसकी परीक्षाफीस की राशि हेतु भी उसकी मदद की गई 18.11.2017



# <u>सिकल सेल शिविर का आयोजन</u>

महाविद्यालय मे छात्र–छात्राओं हेतु दिनांक 18.01.2018 को यूथ रेडकास द्वारा वृहत स्तर पर निःशुल्क सिकल सेल रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 100 से अधिक छात्र–छात्राओं के सिकल सेल का परीक्षण किया गया।



# स्वच्छता सर्वेक्षण में विद्यार्थियों की भागीदारी

नगर निगम द्वारा संचालित स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम में यूथ रेडकास के विद्यार्थियों द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया गया व रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया गया ।






# <u>गरीबों में कंबल वितरण</u>

ठंड के मौसम मे दिनांक 06.01.2018 को यूथ रेडक्रास के विद्यार्थियों ने अर्द्धरात्रि मे शहर का भ्रमण कर आवासहीन गरीबो को मुफत में कंबल बांटे इस कार्यक्रम में लगभग 25 विद्यार्थियों की भागीदारी रही।




# <u>पुराने वस्त्रों का वितरण</u>

रेडक्रास इकाई द्वारा विद्यार्थियों ने पुराने वस्त्रों का संकलन किया तथा उन वस्त्रों को निर्धन बच्चों में वितरित किया। इस अभियान में यूथ रेडक्रास के लगभग 20 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया ।





# चिकित्सा परामर्श केन्द्र का संचालन

यूथ रेडकास इकाई द्वारा महाविद्यालय में शिक्षकों,कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क चिकित्सा परामर्श केन्द्र संचालित है जिसमें इस सत्र में 180 लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। इसके अलावा विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक समस्याओं के समाधान हेतु विशेषज्ञ की सेवाएँ भी उपलब्ध करवाई गई है।



# रक्तदान

जरूरतमंद लोगो को रक्तदान के क्षेत्र मे महाविद्यालय के युथ रेडकास इकाई की एक विशिष्ट पहचान बन गई है । इस सत्र में यूथ रेडकास के 50 विद्यार्थियों ने जरूरतमंद लोगो को रक्तदान किया । रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,राजनांदगांव द्वारा रेडकास इकाई को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।






# मनोवैज्ञानिक विस्तार

महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक समस्याओं के समाधान हेतु मनोवैज्ञानिक काउन्सलर डॉ. श्रुति खरे की सेवाएँ उपल्बध करवाई गई जिसमें सत्र के दौरान माह सितंबर से फरवरी 2018 तक 40 विद्यार्थियों की काउनसिलिंग कर संलग्न प्रदान की गई।

कार्यालय प्राचार्य,शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)
web site:www.gdcr.ac.in email;principal@digvijaycollege Ph no 07744-225036

क्र........दिनांक 25/10/2016

# //प्रमाण पत्र //

प्रमाणित किया जाता है कि शासकीय दिग्विजय महा.राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज,सुंदरा जिला राजनांदगांव के,चिकित्सक एवं समूह (टीम) द्वारा आज दिनांक 25/10/2016 दिन मंगलवार को यूथ रेडकास इकाई के साथ मिलकर शिविर लगाकर निःशुल्क दंत एवं स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। साथ ही दांत के देखभाल संबंधी उचित परामर्श उनके द्वारा दिया गया ।

यह प्रमाण पत्र सत्य ळें

# दिग्विजय में दंत रोग परीक्षण शिविर का आयोजन

राजनांदगांव... स्थानीय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की यूथ रेड कास ईकाई द्वारा सुंदरा स्थित डेंटल कॉलेज के सहयोग से महाविद्यालय में निःशुल्क दंत रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 105 छात्र–छात्राओं ने अपने दांतों की जॉच करवाई,शिविर में डॉ.सूरज अपनी टीम के साथ मौजूद थे। उन्होने विद्यार्थियों की दांतों की जॉच कर रोग व उसके उपचार के सलाह प्रदान किए।

यूथ रेड कास अधिकारी डॉ.एच.एस.भाटिया ने बताया कि महाविद्यालय की यूथ रेड कास ईकाई का डेंटल कॉलेज ने एम ओ यू किया जा रहा है। जिसके तहत वर्ष में 2 बार डेंटल कॉलेज की टीम द्वारा यूथ रेड कास के सहयोग से महाविद्यालय में डेंटल कैंप का आयोजन प्रतिवर्ष 2 बार किया जाएगा ।




